आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 14.06.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. फ्रांस पहुंचने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भव्य स्वागत हुआ। वहीं कल से प्रधानमंत्री स्लोवाकिया की महत्वपूर्ण राजकीय यात्रा पर भी जाएंगे।
2. ब्रिक्स देशों ने कृषि क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए चार नई संस्थागत पहलों की घोषणा की।
3. कालाटांग और शोल बे में पर्यटन कैलेन्डर के अतंर्गत आयोजित बर्ड वॉक और मैंग्रोव वॉक में नागरिकों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया।
4. शहीद द्वीप, नॉर्थ बे और डिगलीपुर में आयोजित अस्मिता साइकिल लीग ने महिला सशक्तिकरण को नई गति प्रदान की।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल रात फ्रांस के शहर नीस पहुँच गए है। वहाँ फ्रांस के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इनमें शिक्षा मंत्री एडुआर्ड गेफ़्रे, उच्च शिक्षा, अनुसंधान और अंतरिक्ष मंत्री फ़िलिप बैप्टिस्ट, आल्प्स–मैरीटाइम्स प्रीफ़ेक्चर के सेक्रेटरी जनरल पैट्रिक अमोसू एडेब्ले, भारत में फ़्रांस के राजदूत थिएरी माथू, नीस के मेयर एरिक सिओटी और स्टेट प्रोटोकॉल के डिप्टी डायरेक्टर बेनोइट श्नाइडर शामिल थे।

वहीं, प्रधानमंत्री की एक और देश स्लोवाक गणराज्य की यात्रा से पहले राष्ट्रपति पीटर पेलीग्रिनी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की स्लोवाकिया यात्रा दोनों देशों के लिए सहयोग के नए द्वार खोलेगी। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि वे सोमवार को ब्रातिस्लावा में श्री मोदी के स्वागत के लिए उत्सुक हैं। फ्रांस की यात्रा के बाद श्री मोदी कल से 16 जून तक स्लोवाकिया की राजकीय यात्रा पर रहेंगे।

<><><><><><><>

मध्यप्रदेश के इंदौर में पांच दिन से जारी ब्रिक्स कृषि सम्मेलन कल संपन्न हो गया। सम्मेलन में, घोषणा–पत्र को सर्व–सम्मति से स्वीकार किया गया। घोषणा–पत्र में खाद्य सुरक्षा, किसान कल्याण, जलवायु अनुकूल कृषि, कृषि व्यापार और डिजिटल कृषि पर निर्णयों को शामिल किया गया है। कृषिमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि ब्रिक्स देश दुनिया की आधी जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करते हैं और वैश्विक कृषि उत्पादन में तकरीबन 42 प्रतिशत का योगदान ब्रिक्स देशों का हैं। सम्मेलन में चार नई संस्थागत पहलों की

घोषणा की गई। इनमें प्राकृतिक और सृजनात्मक कृषि पर संयुक्त शोध के लिए उत्कृष्टता केंद्रों का नेटवर्क बनाना, कृषि में यंत्रबुद्धि और डिजिटल तकनीक लाने के लिए ब्रिक्स डिजिटल नेटवर्क की स्थापना करना, बीज और परंपरागत बीज–किस्मों के संरक्षण से जुड़े किसान अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए वैश्विक मंच की स्थापना करना और ब्रिक्स एग्री–एन नेटवर्क की स्थापना करना शामिल हैं। श्री चौहान ने कहा कि भारत सरकार किसानों के लिए प्रति बोरी डीएपी 1350 रुपये और यूरिया 266 रुपये उपलब्ध कराना जारी रखेगी। इसका अतिरिक्त खर्च केंद्र सरकार वहन करेगी।

<><><><><><><>

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने असम के जोरहाट में दुर्घटनाग्रस्त एन–32 विमान के पांच बहादुर जवानों की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि स्क्वाड्रन लीडर प्रशांत सिंह, फ्लाइट लैफ्टिनेंट शुभम कुमार, सार्जेंट जितेन्द्र शर्मा, अग्निवीर वायु खेमा राम कुमावत और अग्निवीर वायु दानिश आलम ने अपना कर्तव्य निर्वहन करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया है। उन्होंने कहा कि उनके साहस और सेवा को राष्ट्र सदैव गर्व और कृतज्ञता के साथ याद रखेगा। श्री सिंह ने पीड़ित परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की है और कहा है कि दुख की इस घड़ी में देश उनके साथ खड़ा है।

<><><><><><><>

विदेश मंत्रालय की तथ्य जांच इकाई ने कैलाश मानसरोवर यात्रा के संबंध में ऑनलाइन फर्जी घोषणाएं और विज्ञापनों से लोगों को सतर्क किया है। मंत्रालय ने ऐसी घोषणाओं और विज्ञापनों से सावधान रहने को कहा है। मंत्रालय ने कहा है कि कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए विदेश मंत्रालय का एकमात्र प्रामाणिक पोर्टल kmy.gov.in है।

<><><><><><><>

सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय ने पर्यावरण एवं वन विभाग और दक्षिण फाउंडेशन, उत्तर वांडूर के सहयोग से, पर्यटन मेला कार्यक्रम कैलेंडर 2026–27 के हिस्से के रूप में कल कालाटांग में द्वीप पक्षी यात्रा और शोल बे–19 में आईलैंड मैंग्रोव वॉक का आयोजन किया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य पर्यावरण–पर्यटन को बढ़ावा देना, द्वीपों की जैव विविधता के बारे में जागरूकता पैदा करना और प्रकृति–आधारित गतिविधियों में जनता की भागीदारी को प्रोत्साहित करना था। आईलैंड बर्ड वॉक में कुल 25

प्रतिभागियों ने भाग लिया, जबकि आईलैंड मैंग्रोव वॉक में लगभग 50 प्रतिभागी शामिल हुए। कार्यक्रमों के दौरान, प्रतिभागियों को पक्षी संरक्षण, मैंग्रोव पारिस्थितिकी तंत्र, जैव विविधता संरक्षण और सतत पर्यटन प्रथाओं के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। पर्यावरण एवं वन विभाग, दक्षिण फाउंडेशन, स्थानीय पंचायतों और उत्साही प्रतिभागियों के सहयोग ने दोनों कार्यक्रमों के सुचारू और सफल संचालन में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिसने जनता के बीच पर्यावरणीय जागरुकता और संरक्षण को प्रभावी ढंग से बढ़ावा दिया।

<><><><><><><>

द्वीप समूह के विभिन्न स्थानों पर कल अस्मिता साइक्लिंग लीग का सफल आयोजन किया गया, जिसमें 100 से अधिक महिला साइकिल चालकों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य महिलाओं में खेल भावना, फिटनेस और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह साढ़े छ बजे नॉर्थ बे, बम्बूफ्लैट में हुई, जहां  सूचना, प्रचार एवं पर्यटन सचिव ज्योति कुमारी ने प्रतियोगिता को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद सुबह साढ़े नौ बजे डिगलीपुर में आयोजित साइक्लिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ सहायक आयुक्त, डिगलीपुर ने किया। दिन का अंतिम आयोजन दोपहर साढ़े तीन बजे शहीद द्वीप में किया गया, जिसमें पंचायत प्रधान, पंचायत प्रमुख तथा थाना प्रभारी शहीद द्वीप उपस्थित रहे।  आयोजकों ने बताया कि इस तरह के खेल आयोजन महिलाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और खेल गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करते हैं। शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाली साइकिल चालकों को सम्मानित किया। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग की महिला प्रतिभागियों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया।

<><><><><><><>

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के आयोजन के हिस्से के रूप में, डॉ. आर.पी. अस्पताल, मायाबंदर द्वारा कार्मेटांग समुद्र तट पर एक बीच योग शिविर का आयोजन किया गया। स्वस्थ जीवन, सकारात्मकता और समग्र कल्याण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिभागियों द्वारा खुले आसमान के नीचे और समुद्र के किनारे विभिन्न योग आसनों का अभ्यास किया गया। इस दौरान प्राणायाम सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने मानसिक शांति और अच्छे स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए श्वास संबंधी प्राणायाम का अभ्यास किया। इस अवसर पर डॉ. आर.पी. अस्पताल, मायाबंदर की चिकित्सा अधिकारी (आयुर्वेद) डॉ. प्रियंका इकबाल, और योग प्रशिक्षक मंगत भगत ने प्रतिभागियों को योग को अपने दैनिक जीवन के हिस्से के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

इसी क्रम में आयुष विंग, स्वास्थ्य सेवा निदेशालय ने दक्षिण अंडमान के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर फ्लैश मॉब कार्यक्रमों का आयोजन किया। ये कार्यक्रम बैंबूफ्लैट पुलिस स्टेशन के सामने और गोल घर एवं भातूबस्ती जंक्शन पर आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों का नेतृत्व योग प्रशिक्षकों और स्वयंसेवकों की टीम ने किया, जिन्होंने लयबद्ध गतिविधियों के साथ तालमेल बिठाते हुए योग का प्रदर्शन किया। यह पहल स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग के विषय को बढ़ावा देने के लिए की गई थी।

<><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में आगामी दिनों के दौरान भारी वर्षा, आंधी–तूफान और तेज हवाओं की संभावना को देखते हुए मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है। विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार अगले दो दिनों तक द्वीप समूह के कुछ स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है। इस दौरान तेज हवाओं के चलने की आशंका जताई गई है। इसे देखते हुए मछुआरों को 17 जून तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>